# संकट काटे पलभर में ये भक्तों सारे जहान का भजन लिरिक्स

संकट काटे पलभर में ये,
भक्तों सारे जहान का,
झंडा हनुमान का,
सालासर धाम का।bd।

तर्ज – झूम उठा दिल देख नजारा।

---

बालाजी की लाल ध्वजा की,
महिमा अपरम्पार है,
इस झंडे को जो भी थामे,
मिलता इनका प्यार है,
नाम लिखा है इसके ऊपर,
नाम लिखा है इसके ऊपर,
जगत पिता श्री राम का,
झंडा हनुमान का,
सालासर धाम का।bd।

---

जिसके घर में लाल ध्वजा ये,
फर फर कर लहराती है,
उस घर में फिर सारी खुशियां,
दौड़ी दौड़ी आती है,
उस परिवार पे पहरा रहता,
उस परिवार पे पहरा रहता,
वीर बलि बलवान का,
झंडा हनुमान का,
सालासर धाम का।bd।

---

लाल लंगोटा हाथ में सोटा,
हनुमत की पहचान है,
राम नाम का है मतवाला,
सीने में सियाराम है,
राम की धून में नाचे 'सोनू',
राम की धून में नाचे 'सोनू',
दीवाना इस नाम का,
झंडा हनुमान का,
सालासर धाम का।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

संकट काटे पलभर में ये,
भक्तों सारे जहान का,
झंडा हनुमान का,
सालासर धाम का।bd।

**Singer – Sonu Singla**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com